पत्रांक जी0एस0टी0/2020–21/ 213 /वाणिज्य कर

कार्यालय– कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।
(जी.एस.टी. अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 24 अगस्त, 2020

:: आदेश ::

जी.एस.टी. प्रैक्टिशनर के एनरोलमेन्ट की प्रक्रिया के सम्बन्ध में इस कार्यालय से जारी आदेश सं0– 334/जी.एस.टी./2018–19/वाणिज्य कर दिनांक 25 जून, 2018 से श्रीमती निधि मोहन कटियार, उपनिदेशक तथा श्रीमती मधुबाला, उपनिदेशक वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ को जी.एस.टी. प्रैक्टिशनर के प्राप्त प्रार्थना–पत्रों के निस्तारण हेतु नामित किया गया था। श्रीमती निधि मोहन कटियार, उपनिदेशक वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ की पदोन्नति एवं स्थानान्तरण हो जाने के कारण आदेश सं0– 334/जी.एस.टी./2018–19/वाणिज्य कर दिनांक 25 जून, 2018 में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के नियम–83 में विहित प्रक्रिया के अनुसार जी.एस.टी. प्रैक्टिशनर्स से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों के निस्तारण हेतु श्रीमती चित्रा सिंह, उपनिदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान को नामित किया जाता है। श्रीमती मधुबाला, उपनिदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ पूर्ववत् अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करती रहेंगी।

2. आई0टी0 अनुभाग मुख्यालय के स्तर से कॉमन पोर्टल पर श्रीमती निधि मोहन कटियार, तत्कालीन उपनिदेशक वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान को आवंटित **"GSTN Approval" Role** श्रीमती चित्रा सिंह, उपनिदेशक वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान को दिये जाने तथा श्रीमती निधि मोहन कटियार, तत्कालीन उपनिदेशक की लॉगिन आई0डी0 पर उपलब्ध अनिस्तारित प्रार्थना–पत्रों को श्रीमती चित्रा सिंह, उपनिदेशक की लॉगिन आई0डी0 पर ट्रांसफर कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस कार्यालय से जारी आदेश सं0– 334/जी.एस.टी./2018–19/वाणिज्य कर दिनांक 25 जून, 2018 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

भवदीया,

(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0/ /व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ।

2. एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (आई0टी0), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को वांछित कार्यवाही/वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

3. ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना राजपत्रित), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

4. श्रीमती चित्रा सिंह, उपनिदेशक, वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ को अनुपालनार्थ प्रेषित।

5. श्रीमती मधुबाला, उपनिदेशक, वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ को अनुपालनार्थ प्रेषित।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (जी.एस.टी.),
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।